(ख) सिन्द्री प्रबन्धक वर्ग को इन्टक (INTUC) से सम्बन्धित कर्मचारी संघ के दो विरोधी दलों में से एक को औपचारिक मान्यता प्रदान करने पर बाध्य करने के लिये हड़ताल की गई थी। हड़ताल से उत्पादन में लगभग २० लाख रुपये की क्षति हुई।

†[THE MINISTER OF STEEL, MINES AND HEAVY ENGINEERING (SHRI C. SUBRAMANIAM): (a) Yes.

(b) The strike was engineered in order to force the Sindri Management to accord formal recognition to one of the two rival factions in the Workers' Union affiliated to the INTUC. The strike caused a loss in production of about Rs. 20 lakhs.]

पीकिंग से आई प्रचार सामग्री का पकड़ा जाना

१२७. श्री ए० बी० वाजपेयी : क्या **गृह-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हाल में प्राधिकारियों ने भारत की कम्युनिस्ट पार्टी की हिमाचल प्रदेश की शाखा को पीकिंग से भेजी गई कुछ प्रचार सामग्री पकड़ी है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसी सामग्री को देश में आने से रोकने के लिए क्या कदम उठाए गये हैं ?

†[SEIZURE OF PUBLICITY MATERIAL RECEIVED FROM PEKING

127. SHRI A. B. VAJPAYEE: Will the Minister of HOME AFFAIRS be *pleased to state:*

(a) whether it is a fact that some publicity material from Peking addressed to the Himachal Pradesh branch of the Communist Party of India was seized by the authorities recently; and

(b) if so, what steps have been taken to prevent the inflow of such material in the country?]

गृह कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० एम० हजरनवीस) : (क) जी नहीं। परन्तु अभी हाल ही में मंत्री, भारत-चीन मैत्री संगठन, शिफ़टन विल्ला, शिमला—१ के नाम आये आठ हवाई डाक के पैकेट, जिनमें "पीकिंग रिव्यू" की आठ प्रतियां थीं, जब्त किये गये थे।

(ख) पीकिंग रिव्यू नामक पत्रिका या ऐसे किसी साहित्य का आयात, जो भारत की सीमाओं या देश की क्षत्रीय एकता के प्रश्नों पर सीधे या परोक्ष रूप में आक्षेप करता हो, पहले से ही समुद्र सीमाशुल्क अधिनियम, १८७८ के अधीन जारी किये गये अध्यादेश के अधीन निषिद्ध है। सीमाशुल्क अधिकारी, जो कि ऐसे आयात की रोकथाम से सम्बन्धित है, सतर्क हैं तथा ऐसे साहित्य को जब्त करने के अधिकारों का सुचारु रूप से व्यवहार करते हैं।

†[THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI R. M. HAJARNAVIS): (a) No, Sir. However, in the recent past 8 air-mail articles containing 8 copies of "Peking Review" addressed to the Secretary, India-China Friendship Association, Shiften Villa, Simla-1, were confiscated.

(b) Import of the periodical "Peking Review" and of any matter which directly or indirectly questions the frontiers of India or the territorial integrity of the country has already been prohibited by Notifications issued under the Sea Customs Act, 1878. The Customs authorities, who are concerned with preventing such import, are vigilant and exercise with due diligence their powers to confiscate such literature.]

†[ ] English translation.